मैं पंजाब दी धरती नूं नमन करदा हां : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत निरंजन दास के छुए पैर, आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदला

जालंधर, 01 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविदासिया समाज के जालंधर स्थित सबसे बड़े धार्मिक स्थल डेरा सचखंड बल्लां पहुंचे. उन्होंने 33 मिनट कार्यक्रम को संबोधित किया. इसमें रविदास की वाणी से 3 श्लोक पढ़े. काशी (वाराणसी), मध्यप्रदेश और पंजाब में संत रविदास की सेवा करने की बात दोहराई. रविदासिया समाज के साथ वाल्मीकि समाज को भी साधा. वाल्मीकि समाज को साधने के लिए अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर करने की बात बताई.

पीएम मोदी ने संत निरंजन दास के पैर छूकर श्रद्धालुओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा- मेरा रिश्ता संत रविदास जी की जन्मभूमि काशी से है. मैं पंजाब दी धरती नूं नमन करदा हां (मैं पंजाब की धरती को नमन करता हूं). पीएम ने आज पेश हुए बजट में पंजाब को मिले लाभ का जिक्र किया. साथ ही यूरोपीय यूनियन के साथ हुई ट्रेड डील का जिक्र करते हुए कहा कि अब पंजाब में बने कपड़े और सामान यूरोप के बाजारों में बिकेगा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डेरे के प्रबंधक ने कहा कि हम पीएम के आने से बहुत खुश हैं. पहली बार कोई प्रधानमंत्री हमारे बीच आया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत निरंजन दास के छुए पैर.

आदमपुर एयरपोर्ट का निरीक्षण करते हुए पीएम.

आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदला

इससे पहले पीएम दिल्ली से आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने पहले आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरू रविदास महाराजजी एयरपोर्ट, आदमपुर रखने का उद्घाटन किया. इसके बाद लुधियाना के हलवारा स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया.

पीएम के दौरे के पहले नवजोत कौर ने छोड़ी कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे से पहले पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस को अलविदा बोल दिया है. नवजोत कौर सिद्धू पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिद्धू की पत्नी हैं. पिछले कई महीने से सिद्धू दंपति पंजाब की सक्रिय राजनीति से दूर हैं. नवजोत सिंह सिद्धू को हाल ही में राहुल गांधी की हुई बैठक में भी नहीं बुलाया गया था. कैंसर से ठीक होने के बाद दोबारा सक्रिय हुई नवजोत कौर सिद्धू हाल ही में उस समय सुर्खियों में आई थी, जब उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में 500 करोड़ की अटैची देने वाला ही मुख्यमंत्री बनता था. इसके बाद वह समूची कांग्रेस के निशाने पर आ गई थी. इस पर प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने 8 दिसंबर को उन्हें नोटिस जारी करके पार्टी से निलंबित कर दिया था.

चीनी जेट बेचकर कर्जा चुका रहा पाक

इस्लामाबाद, 01 फरवरी. पाकिस्तान की आर्थिक हालत किसी से छिपी नहीं है. देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पाकिस्तान हर मुमकिन पैंतरा आजमाता है. इसी कड़ी में अब पाकिस्तान ने दलाली का काम भी शुरू कर दिया है.

जी हां, पाकिस्तान 9 देशों को चीन के लड़ाकू विमान बेच रहा है. 9 देशों की इस लिस्ट में सऊदी अरब समेत 8 मुस्लिम देश शामिल हैं. पाकिस्तान ने चीन के लड़ाकू विमान जेएफ-17 की बोली लगाना भी शुरू कर दिया है. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पाक और चीन का जॉइंट वेंचर स्थापित किया गया है, जिसके तहत जे-सीरीज लड़ाकू विमानों का प्रोडक्शन किया जा रहा है. इस्लामाबाद के



कामरा में चीन की कंपनी चेंडु एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्प्लेक्स ने जॉइंट वेंचर की शुरुआत की है. इसमें वेंचर में चीन के 500 एयरोनॉटिकल इंजीनियर मौजूद हैं. चीन और पाकिस्तान की इस डील को ऑलवेज ब्रदर डील का नाम दिया गया है. इस डील के तहत 200 फाइटर जेट बेचने का लक्ष्य है, जिसका 80 प्रतिशत चीन के खाते में जाएगा और बाकी का 20 प्रतिशत पाकिस्तान लेगा.

पाक पीएम ने कहा था- कर्ज मांगने में अब शर्म आती है

बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है. देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा. पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है.'

चीन के जेएफ-17 फाइटर जेट के खरीदार ढूढ़ रहा है पाक

चीन के जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने के लिए पाकिस्तान ने खरीददार ढूंढ रहा है. पाक ने अब तक 9 देशों को ये लड़ाकू विमान बेचना शुरू कर दिया है. इस लिस्ट में सऊदी अरब, नाइजीरिया, अजरबैजान, लीबिया, मोरक्को, इंडोनेशिया, इथियोपिया और सूडान का नाम शामिल है.

भारत ने बांग्लादेश-मालदीव की आर्थिक सहायता घटाई

नई दिल्ली, 01 फरवरी. भारत ने इस साल के केंद्रीय बजट में बांग्लादेश को दी जाने वाली आर्थिक सहायता को आधा कर दिया है और ईरान के चाबहार बंदरगाह परियोजना के लिए कोई भी राशि आवंटित नहीं की है. बजट में बांग्लादेश के लिए आवंटन को पिछले वर्ष के 120 करोड़ रुपये से घटाकर 2026-27 के लिए 60 करोड़ रुपये कर दिया गया है.

शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद अगस्त 2024 में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार के दौरान भारत और बांग्लादेश के संबंधों में आई खटास को इस बजट कटौती से जोड़कर देखा जा रहा है.हालांकि, भारत द्वारा अपने कुछ मित्र देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता का आवंटन बढ़ाकर 5,686 करोड़ रुपये कर

दिया गया है, जो पिछले बजट अनुमान 5,483 करोड़ रुपये से करीब 4 प्रतिशत अधिक है. इसके बावजूद यह राशि 2025-26 के संशोधित अनुमान 5,785 करोड़ रुपये से कम है. इस साल के बजट में सबसे बड़ा आश्चर्य चाबहार बंदरगाह परियोजना के लिए फंडिंग को पूरी तरह रोकना है.

2026-27 के लिए बजट दस्तावेजों में इस परियोजना के लिए कोई आवंटन नहीं किया गया है.

नेपाल की आर्थिक सहायता 14 प्रतिशत बढ़ाई

बांग्लादेश और चाबहार के विपरीत, भारत से सहायता पाने वाले मिल देशों में भूटान सबसे ऊपर बना हुआ है. इस बार के बजट में भूटान के लिए आवंटन 6 प्रतिशत बढ़ाकर 2,289 करोड़ किया है. नेपाल कोआर्थिक सहायता में लगभग 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 800 करोड़ रुपये किया गया है, जबकि श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो पहले की तुलना में लगभग एक-तिहाई अधिक है.

मालदीव की आर्थिक मदद में 8% कटौती

केंद्रीय बजट में मालदीव के लिए भारत की आर्थिक सहायता में 8 प्रतिशत की कटौती करते हुए इसे 550 करोड़ रुपये कर दिया है, जबकि मॉरीशस को 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 550 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. अफगानिस्तान के लिए सहायता 150 करोड़ रुपये पर स्थिर रखी गई है, जो मुख्य रूप से मानवीय सहायता से जुड़ी है. वहीं, म्यांमार के लिए आवंटन में करीब 14 प्रतिशत की कटौती कर इसे 300 करोड़ रुपये कर दिया गया है.

दावा : पाकिस्तान में 145 बलूच लड़ाके मारे गए

क्वेटा, 01 फरवरी (वार्ता) पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 40 घंटों में कम से कम 145 ब्लूच लड़ाके मारे गए हैं.

रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरे प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान ये लड़ाके मारे गए. उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों के पास नियोजित हमलों के बारे में पहले से जानकारी थी, जिसके कारण उत्तर-पूर्वी क्वेटा, पंजगुर और शेरानी सहित अन्य क्षेत्रों में एक दिन पहले ही एहतियाती अभियान शुरू कर दिए गए थे. यह टिप्पणी बलूचिस्तान में क्वेटा, ग्वादर, कल्लात, खारान, मस्तुंग, पसनी, दलबांदिन, नोशकी, बुलाइदा, टंप, मच सहित कम से कम 16 स्थानों पर हुए सिलसिलेवार समन्वित हमलों के एक दिन बाद आई है. प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इन हमलों की जिम्मेदारी ली और इन्हें ऑपरेशन हेरोफ का दूसरा चरण बताया. बीएलए ने दावा किया कि हिंसा में 84 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी

मारे गए, 18 को जिंदा पकड़ा गया, 30 सरकारी संपत्तियों को नष्ट कर दिया गया या जब्त कर लिया गया और 23 दुश्मन वाहनों में आग लगा दी गई.

ईरान का नहीं, वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारत : ट्रंप

वाशिंगटन, 01 फरवरी (वार्ता) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत अब अपनी कच्चे तेल की जरूरतें ईरान या रूस के बजाय अमेरिका के माध्यम से वेनेजुएला का कच्चा तेल खरीदकर पूरी करेगा. राष्ट्रपति की आधिकारिक विमान एयरफोर्स वन पर सफर कर रहे थे. उनसे जब सवाल किया गया कि क्या चीन को कभी वह पैसा वापस मिल पाएगा.

एनसीपी के विलय पर सस्पेंस हुआ बरकरार

मुंबई, 01 फरवरी. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के संभावित विलय को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. इसी बीच, एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार रविवार सुबह बारामती से मुंबई के लिए रवाना हो गए, जबकि अजित पवार की पत्नी और नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार देर रात बारामती लौट आईं.

बता दें कि सुनेत्रा पवार ने शनिवार को मुंबई में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पुणे जिले के बारामती स्थित अपने आवास लौट आईं. मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम और एनसीपी के दोनों गुटों के विलय को लेकर चल रही अटकलों के बीच यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि शरद पवार और सुनेत्रा पवार के बीच कोई मुलाकात या बातचीत हुई या नहीं. वहीं, शरद पवार की बेटी और बारामती से लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले शनिवार को बजट सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गईं. एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि उनके दिवंगत भतीजे अजित पवार ने 12 फरवरी को एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की घोषणा करने की तारीख तय की थी. शरद पवार ने संकेत दिया कि अजित पवार के निधन के बाद अब एनसीपी (एसपी) और एनसीपी के बीच विलय प्रक्रिया में अड़चन आ सकती है.

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला धार (म.प्र.)

फोन 07292-234702, Email-modgmdha@mp.gov.in

पत्र क्रमांक / 219 खनिज / 2025-26 धार दिनांक 28/01/2026

सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, पट्टाधारी श्री लक्ष्मीनारायण पिता श्री किशनलालजी चौहान निवासी 34 सुखनिवास रंगवासा इन्दौर तहसील एंव जिला इन्दौर म.प्र. के द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 -1 के तहत् नवनीकरण उत्खपित्ता प्राप्त करने हेतु ऑनलाईल आवेदन पत्र दिनांक 01/01/2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नम्बर	पैकी रकबा हैक्टर में	भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्रापत	खनिज का नाम	रिमार्क
धार	पीथमपुर	खण्डवा	642	2.500	शासकीय भूमि	पत्थर/गिट्टी	
			योग	2.500			

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षैत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा जिला धार में आपत्ति का लेख / कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नही किया जाएगा।

जिला खनि अधिकारी
खनिज शाखा
कार्यालय कलेक्टर जिला धार म.प्र.

G25092/25

कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, इन्दौर (म. प्र.)

(E-mail:-jsciind@mp.gov.in. cjindore@gmail.com Phone / Fax No. 0731-2540020)

क्रमांक 100/निर्वाह / 2026 इन्दौर, दिनांक 27/01/2026

अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल इन्दौर के लिये एलईडी टी.वी. एवं वाटर प्यूरीफायर के क्रय की कार्यवा म.प्र. जेल पूर्ति नियम, 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन निय 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अर्थात ऑनलाई निविदाएं निम्नलिखित निविदा कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की गयी हैः-

'निविदा कार्यक्रम का विवरण'

क्रं.	विवरण	दिनांक व समय	स्थान
1.	प्री-बिड मीटिंग	06/02/2026, प्रातः 11:00 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर
2.	निविदा फार्म क्रय एवं निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	12/02/2026, सांय 17:00 बजे तक	वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे।
3.	ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि	13/02/2026, सांय 17:00 बजे तक	कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर
4.	ऑनलाईन वित्तीय निविदा खोलने की तिथि	16/02/2026, सायं 12:00 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर

निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, जिसकी सूचना केन्द्रीय जेल इन्दौर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल, इन्दौर (म.प्र.)

G25163/25

जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातक महाविद्यालय, बड़वाह (म.प्र.)

College Code: 2405
Phone No: 07280-222861 Email Id:hegcbadkhr@mp.gov.in college website:www.gdcbarwaha.com

क्रमांक/ 99 / पी. एम. उषा / क्रय / 2025 दिनांक 22/01/26

ई - निविदा आमंत्रण सूचना

पी.एम. उषा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में Books (Under NEP) का क्रय किया जाना है। जिसके लिए खुली निविदा https://mptenders.gov.in पोर्टल पर जारी की जा रही है, एवं निविदा प्रपत्र व कार्य की विस्तृत शर्तें एवं दस्तावेज टेण्डर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

1. आमंत्रित निविदा का विवरण, धरोहर राशि एवं शुल्क आदि का विवरणः-

क्रं.	कार्य का नाम	निविदा शुल्क राशि (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	पी. एम. उषा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में Books (Under NEP) को क्रय एवं इंस्टालेशन हेतु	500	कार्यादेश जारी होने से अधिकतम 10 दिवस

निविदाको प्रस्तुत करने हेतु समय तालिका :-

क्रं.	विवरण	तिथि व समय
1.	ई-टेण्डर प्रकाशन का दिनांक एवं समय	दिनांक 24/01/26 सायं 04:00 बजे से
2	ई-टेण्डर डाक्युमेंट डाउनलोड एवं क्रय करने का आरंभ दिनांक एवं समय	दिनांक 24/01/26 सायं 05:00 बजे से
3	ई-टेण्डर डाक्युमेंट डाउनलोड एवं क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय	दिनांक 23/02/26 सायं 05:00 बजे से
4	ई-टेण्डर क्रय कर जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय	दिनांक 23/02/26 सायं 05:00 बजे से

(उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधानुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।)

S.No	Name of the Equipment	Estimate Rate of Items	EMD (3%) for Each Items
1.	Books (According to NEP 2020)	500000	15000

किसी भी प्रकार की क्रय संबंधी जानकारी के लिए प्रो. नीरज चौधरी (मो.नं. 9165232073, ई-मेल आईडी-hegcbadkhr@mp.gov.in) से संपर्क कर सकते है।

प्राचार्य
जवाहरलाल नेहरु शास. स्नातक महाविद्यालय
बड़वाह, जिला - खरगोन (म.प्र.)

G25179/25

कार्यालय जेल अधीक्षक, सब जेल देपालपुर (म.प्र.)

क्रमांक 173 / निर्वाह /2026 देपालपुर, दिनांक 25/01/2026

वार्षिक ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं मध्य प्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अधीन सब जेल देपालपुर में परिरुद्ध बंदियों के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 में खण्ड (1) स्वच्छता सामग्री (2) स्टेशनरी सामग्री (3) विद्युत सामग्री (4) भवन सामग्री एवं अन्य विविध सामग्री (5) विविध प्रकार की दवाइयां मेडिकल उपकरण, मेडिकल जांचे एवं सर्जिकल आइटम आदि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु वार्षिक ई-निविदा विज्ञप्ति (द्वितीय आमंत्रण) निम्नानुसार जारी की जाती हैं :-

वार्षिक ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण कार्यक्रम का विवरण

क्रं.	विवरण	दिनांक व समय	स्थान
1.	प्री-बिड मीटिंग	13/02/2026, प्रातः 11:00 बजे	जेल अधीक्षक कार्यालय, सब जेल देपालपुर जिला इन्दौर
2.	निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि	18/02/2026, सांय 05:00 बजे तक	वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे।
3.	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	18/02/2026, सांय 05:00 बजे तक	वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी ।
4.	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि	19/02/2026, सायं 05:00 बजे	जेल अधीक्षक कार्यालय, सब जेल देपालपुर जिला इन्दौर
5.	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि	21/02/2026, सायं 05:00 बजे	जेल अधीक्षक कार्यालय, सब जेल देपालपुर जिला इन्दौर

निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, जिसकी सूचना सब जेल देपालपुर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी ।

जेल अधीक्षक
सब जेल देपालपुर, इन्दौर (म.प्र.)

G25189/25

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, नर्मदा प्रोजेक्ट कॉलोनी, मुसाखेडी, इंदौर

ई-मेल eephedind@nic.in

क्रमांक 280 / निविदा / लो.स्वा.यां. खंड / 2026 दिनांक 27/01/2026

निविदा सूचना क्रं. 06/2025-26 इंदौर,

इंदौर जिले में स्थित परिक्षेत्र कार्यालय, मण्डल कार्यालय, खण्ड कार्यालय एवं उपखण्ड कार्यालय अंतर्गत सुरक्षा संबंधी कार्यो हेतु अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका टेण्डर आई.डी. क्रमांक-2026_PHED_475104_1 है। कार्य की अनुमानित लागत, धरोहर राशि एवं अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी (http:// www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 09.02.2026 दोपहर 03.00 बजे तक निर्धारित है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, इंदौर

G25156/25

इंडसइंड बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 2401, जनरल थिम्मय्या रोड, कैंटोनमेंट, पुणे 411001,
उपभोक्ता वित्त प्रभाग: 34, जी.एन. चेट्टी रोड, टी. नगर, चेन्नई-600017,
राज्य कार्यालय: द्वितीय तल, क्वालिटी बिजनेस सेंटर, 7 बैंक स्ट्रीट, जोन II, एमपी नगर, भोपाल 462011

(परिशिष्ट IV) नियम 8(1) देखें

आधिपत्य सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इंडसइंड बैंक लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 का सपठित नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणी/ बंधककर्ता/जमानतदार **श्री वीरेन्द्र सिंह पिता विक्रम सिंह, श्रीमती टम्मू कुवर सिंह बहादुर सिंह एवं श्री विक्रम सिंह पिता सुलता सिंह के द्वारा, सभी निवासीः वार्ड नं. 03, मंडी प्रांगण, प्रगती नगर सोनकच्छ, देवास, मध्यप्रदेश-455118** को मांग सूचना पत्र दिनांकित **13/12/2022** उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति दिनांक से **60 दिनों** के भीतर सूचना पत्र में उल्लेखित राशि **रुपये 12,89,318/- (बारह लाख उनब्बे हजार तीन सौ अठारह मात्र) दिनांक 13/12/2022 तक,** ऋण खाता संख्या **IAC05137M (Rs. 6,90,019/-) & IAC05140M (Rs. 5,99,299/-)** के तहत, पूर्ण भुगतान होने तक अतिरिक्त ब्याज एवं शुल्क सहित देय को लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का **भौतिक आधिपत्य** दिनांक **27 जनवरी 2026** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार राशि **रुपये 12,89,318/- (बारह लाख उनब्बे हजार तीन सौ अठारह मात्र) दिनांक 13/12/2022 तक** एवं पूर्ण भुगतान होने तक उसपर आगे का ब्याज, शुल्क आदि के लिए इंडसइंड बैंक लि. के प्रभार के अधीन होगा।

प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों में कर्जदार का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, सर्वे नं. 602/1/मिन-2/1, श्री कृष्ण कॉलोनी, वार्ड नं. 03, सरल नं. 37, सोनकच्छ जिला देवास, मध्यप्रदेश-455118, क्षेत्रफल 782 वर्गफीट
चर्तुसीमाएँ- उत्तर : मिस्त्री का प्लॉट, दक्षिणः पाटीदार एवं स्वामीजी का मकान, पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिम : पाटीदार एवं मिस्त्री एवं विक्रेता के शेष भाग का कॉर्नर प्लॉट

स्थान : इन्दौर (म.प्र.) **प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 31/01/2026 **वास्ते इंडसइंड बैंक लिमिटेड**

प्रति,
1. अक्षती मार्केटिंग
अपने एकमात्र स्वामी श्री बृजेश श्रीवास्तव के माध्यम से प्रतिनिधित्व
पताः जी-81, एमआईजी कॉलोनी, क्रिश्चियन एमिनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर-452 001।
पताः जी-13, सांची प्वाइंट के सामने, एमआईजी कॉलोनी, क्रिश्चियन एमिनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर-452 001।
पताः 147, डुप्लेक्स, श्याम कृष्णा कुटी, विपरीत... शिव यादव दूध- डेयरी द्वितीय चरण, अरिहंत विहार कॉलोनी, खारी पाटक रोड, विदिशा, मध्य प्रदेश- 464001।
इसके अलावा पता 154 ए, श्री धन लक्ष्मी नगर, डी-मार्ट के पीछे, निपानिया, इंदौर - 452010 मध्य प्रदेश है।
2. नेहा श्रीवास्तव
मकान नंबर 51, इंदिरा नगर, जयसवाल एक्वा की अगली लेन, माता मंदिर के सामने, शाजापुर, मध्य प्रदेश-465001।
इसके अलावा पता 154 ए, श्री धन लक्ष्मी नगर, डी-मार्ट के पीछे, निपानिया, इंदौर - 452010 मध्य प्रदेश है।
पुनः एलडी से पहले. एकमात्र मध्यस्थ श्री. अंकित साहनी

टाटा कैपिटल लिमिटेड ..... दावेदार
बनाम
अक्षिति मार्केटिंग एवं Ors. ..... प्रतिवादी

प्रिय महोदय/महोदया,
यह सूचित किया जाता है कि बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता आवेदन संख्या 173/2025 में दिनांक 10 जून 2025 को पारित आदेश के अनुसार, प्रेसोल्व360 के श्री अंकित साहनी को हमारे और उपरोक्त नामित नोटिस प्राप्तकताओं के बीच उत्पन्न विवादों और मतभेदों का निपटारा करने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया गया है। इसकी सूचना आपको दिनांक 19 जून 2025 को हमारे अधिवक्ताओं द्वारा माननीय एकमात्र मध्यस्थ को भेजे गए ईमेल के माध्यम से दी गई थी और जिसकी एक प्रति आप सभी को भी भेजी गई थी। इसके अतिरिक्त, माननीय एकमात्र मध्यस्थ के निदेर्शों के अनुसार, चूंकि 26 नवंबर 2025 और 19 दिसंबर 2025 को कोई भी उपस्थित नहीं हुआ, इसलिए माननीय मध्यस्थ ने अगली सुनवाई की तिथि पर और दिनांक 29 दिसंबर 2025 की बैठक के कार्यवृत्त के माध्यम से दावेदार को प्रतिवादियों पर प्रतिस्थापन तामील करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, आपको सूचित किया जाता है कि 29 दिसंबर 2025 की बैठक के कार्यवृत्त में माननीय एकमात्र मध्यस्थ के निदेर्शों के अनुसार, उपरोक्त के बावजूद, आप सभी मध्यस्थता कार्यवाही में उपस्थित होने के लिए स्वतंत्र हैं।
कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त मध्यस्थता के संबंध में अगली बैठक शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 को शाम 5:30 बजे वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी। बैठक का लिंक और उसमें शामिल होने का कोड निम्न प्रकार हैः जूम सत्र लिंक
https://us02web.zoom.us/j/87078074693?pwd=tVdJDsokuWUzKAxdx21VIIXn20tORv.1
यह सूचना 29 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में एकमात्र मध्यस्थ के निदेर्शों के अनुसार दी जा रही है, जिसकी कार्यवाही का विवरण उपरोक्त उल्लिखित सूचना प्राप्तकताओं को पहले ही भेजा जा चुका है।

दिनांकः 02.02.2026
स्थानः मुंबई